# उत्तराखंड विधान सभा

**प्रथम सत्र 2026**

## अतारांकित प्रश्न

## 10 मार्च, 2026

----

[**वन मंत्रालय - लोक निर्माण मंत्रालय** ].

**कुल प्रश्न** - 85

----

**जनपद देहरादून के मोथरोंवाला चानचक मार्ग के निर्माण संबंधी प्रस्ताव एवं कार्य प्रारम्भ किये जाने के संबंध में ।**

1 **श्री बृजभूषण गैरोला (डोईवाला ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :=**क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मोथरोंवाला-चानचक मार्ग बनाने की मांग क्षेत्र की जनता कई वर्षों से करती आ रही है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि इस मार्ग के निर्माण होने से मोथरोवाला, डकोता, दौड़वाला, कृष्णापुरम, सैनिक कॉलोनी के 50 हजार से अधिक लोगों को इसका लाभ मिलेगा? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा उक्त मार्ग का निर्माण किये जाने पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद चमोली के बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत निर्माणाधीन पुलों की स्थिति एवं समयावधि में पूर्ण किये जाने के संबंध में।**

2 **श्री लखपत सिंह बुटोला (बद्रीनाथ ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :=**क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली

के विधान सभा क्षेत्र बद्रीनाथ के अन्तर्गत कितने सड़क मार्गों पर पुलों का निर्माण कार्य चल रहा है तथा उक्त पुलों का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो जायेंगे? यदि नहीं, तो क्या सरकार सभी सड़क मार्गों पर स्थित पुलों का निर्माण कार्य समयावधि में पूर्ण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**हरिद्वार जनपद के खानपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022-23 से अब तक कराये गये कार्यों एवं प्रस्तावित कार्यों के विवरण के संबंध में ।**

**"विस्तीर्णता एवं अस्पश्टता के आधार पर निरस्त।"**

3 **श्री उमेश कुमार पत्रकार** (खानपुर ):

**लोक निर्माण मंत्रालय** := क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करंेगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र खानपुर में वर्ष, 2022-23 से आतिथि तक विभाग द्वारा कौन-कौन से कार्य कराये गये हैं और भविष्य में कौन-कौन से कार्य कराये जाने प्रस्तावित हंै? क्या सरकार उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**उत्तराखण्ड में शासनादेश दिनांक 04.08.2006 के अंतर्गत स्थापित गुर्जर पुनर्वास योजना के अनुसार वन गुर्जरों को समतुल्य सुविधाएं प्रदान किये जाने के संबंध में।**

4 **ई० रवि बहादुर** (ज्वालापुर ):

**वन मंत्रालय** :=क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करंेगे कि उत्तराखण्ड शासन के आदेश संख्या-45/7-1-2006 93(64)/2006, दिनांक 04.08.2006 द्वारा स्थापित गुर्जर पुनर्वास योजना के अन्तर्गत वन गुर्जरों को समतुल्य सुविधायें देने का निर्णय लिया गया है? क्या सरकार द्वारा प्रदेश में वन गुर्जरों को परम्परागत वन निवासी मानते हुए उपरोक्त अधिनियम के अनुसार वन गुर्जरों को वन गुर्जर पुनर्वास योजना के समतुल्य सुविधायंे दी जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**उत्तराखण्ड में विभागीय निविदाओं में अनुभव सिक्योरिटी एवं टर्नओवर की शर्तों में संशोधन तथा देहरादून में पी.बी.एम.सी द्वारा कराये जा रहे सड़क रख रखाव कार्य को स्थानीय ठेकेदारों को दिये जाने के संबंध में।**

5 **श्री खजान दास** (राजपुर रोड ):

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा स्थानीय ठेकेदारों को रोजगार दिये जाने की दृष्टि से कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर 10.00 करोड रुपये़ तक के कार्य दिये जाने का निर्णय लिया गया था? क्या मंत्री जी यह भी

अवगत हैं कि उत्तराखण्ड के स्थानीय ठेकदारों एवं पी.एम.जी.एस.वाई. ठेकेदार एसोसिएशन, उत्तराखण्ड द्वारा उक्त संबंध में जारी किये गये वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश दिनांक 30 जून, 2025 का विरोध किया जा रहा है, जिसमें अनुभव, सिक्योरिटी, टर्नओवर को क्रमशः 25 से 80 प्रतिशत, 2.5 प्रतिशत से 05 प्रतिशत एवं टर्नओवर 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 200 प्रतिशत कर दिया गया था? क्या यह भी सत्य है कि देहरादून शहर में लगभग 108 कि0मी0 की 40 सड़कों के रख रखाव का कार्य पी.बी.एम.सी. नामक कार्यदायी संस्था से कराया जा रहा है? क्या सरकार स्थानीय ठेकेदारों के हितों के दृष्टिगत विभागीय निविदाओं में कैबिनेट की मंशा के अनुरुप बढ़ाये गये अनुभव सिक्योरिटी एवं टर्नओवर को पूर्व की भाँति यथावत रखे जाने हेतु प्रोक्योरमंेट नियमावली में संशोधन किया जायेगा, साथ ही देहरादून शहर की उक्त सड़कों के रख रखाव का कार्य पी.बी.एम.सी. से हटाकर स्थानीय ठेकेदारों को दिया जायेगा? यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो क्यों?

----

## हरिद्वार जनपद के खानपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बालावाली गंगा नदी पर पर्यटन विकास हेतु कार्ययोजना के संबंध में।

6 **श्री उमेश कुमार पत्रकार** (**खानपुर** )ः

**लोक निर्माण मंत्रालय** ःःक्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के खानपुर विधान सभा क्षेत्र में बालावाली गंगा नदी पर पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से कोई कार्य योजना बनायी गयी है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## हरिद्वार जनपद के खानपुर विधानसभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक निर्मित एवं प्रस्तावित जल निकासी नालों का ग्रामवार विवरण के संबंध में ।

7 **श्री उमेश कुमार पत्रकार** (**खानपुर** )ः

**लोक निर्माण मंत्रालय** ःःक्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के खानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष, 2022-23 से आतिथि तक जल निकासी हेतु कितने नालों का निर्माण कार्य किया गया है तथा भविष्य में किन-किन नालों का निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है? क्या मंत्री जी सरकार द्वारा खानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जिन नालों का निर्माण कार्य किया गया है, उन ग्रामों का नाम सहित विवरण उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## देहरादून जनपद के डोईवाला विधानसभा क्षेत्र स्थित रानीपोखरी में जाखन नदी से हुए कटाव एवं सुरक्षा दीवार निर्माण की स्वीकृति के संबंध में।

8 **श्री बृजभूषण गैरोला** (**डोईवाला** )ः

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के डोईवाला विधान सभा क्षेत्र के रानीपोखरी में विगत् वर्ष जाखन नदी में आई बाढ़ से अत्यधिक नुकसान हुआ था? क्या यह भी सत्य हैं कि जाखन नदी में आई बाढ़ से रानीपोखरी का पेट्रोल पम्प, हॅाट बाजार एवं उत्तरा बाजार के खेल मैदान की भूमि का काफी कटाव हो गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के रानीपोखरी के उक्त क्षेत्र को जाखन नदी से बचाव के लिए सुरक्षा दीवार निर्माण की स्वीकृति कब तक दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**उत्तरकाशी जनपद के चिन्यालीसौड़ एवं बड़कोट में पर्यटन विकास की संभावनाओं एवं रोजगार सृजन हेतु ठोस नीति बनाये जाने के संबंध में।**

9 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में कई स्थानों पर पर्यटन की अपार सम्भावनाएं हैं, जिन्हें विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने के साथ-साथ रोजगार का भी सृजन होगा, किन्तु सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में सार्थक प्रयास नहीं किया जा रहा है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ एवं बड़कोट में पर्यटन की अपार सम्भावनाएं हैं, जिससे स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे? क्या सरकार पर्यटन की अपार सम्भावनाओं के दृष्टिगत इन स्थानों के विकास, सृजन एवं रोजगार के दृष्टिगत कोई ठोस नीति बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**उत्तराखण्ड में पंचायत भवनों के निर्माण/पुनर्निर्माण की स्थिति तथा डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के जर्जर पंचायत भवनों के पुनर्निर्माण के संबंध में।**

10 **श्री बृजभूषण गैरोला (डोईवाला ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या पंचायतीराज मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के अधिकांश पंचायत घरों के साथ ही जनपद देहरादून के डोईवाला विधान सभा क्षेत्र के कई पंचायत भवनों की स्थिति भी काफी जर्जर हो गयी है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि पिछले 04 वर्षों में प्रदेश के कितने पंचायत भवनों का निर्माण/पुनर्निर्माण किया गया है? क्या सरकार द्वारा डोईवाला विधान सभा के अन्तर्गत पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त पंचायत भवनों के स्थान पर नये पंचायत भवनों का निर्माण किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**बागेश्वर जनपद के कपकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2018 की आपदा से क्षतिग्रस्त भाकुना नाचनी रामगंगा पर प्रस्तावित 110 मीटर स्पान मोटर पुल के निर्माण में विलंब एवं कार्य में तीव्रता लाने के संबंध में।**

11 **श्री सुरेश गढ़िया (कपकोट ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत वर्ष, 2018 में आई आपदा से क्षतिग्रस्त भाकुना नाचनी रामगंगा के उपर 110 मीटर स्पान मोटर पुल का निर्माण आतिथि तक किन कारणों से नहीं हो पाया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर पुल के निर्माण कार्य में तीव्रता लाने के लिये कोई विशेष कमेटी या ठोस कार्य योजना सरकार बना रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी तत्सम्बन्धी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**टिहरी गढ़वाल जनपद के लोक निर्माण विभाग थत्यूड़ अंतर्गत गरखेत-द्वारगढ़ एवं गरखेत-ठाल मोटर मार्ग निर्माण से प्रभावित किसानों को मुआवजा भुगतान में विलंब एवं प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के संबंध में।**

12 **श्री खजान दास (राजपुर रोड ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के लोक निर्माण विभाग, थत्यूड़ के अन्तर्गत गरखेत-द्वारगढ़ मोटर मार्ग, गरखेत-ठाल मोटर मार्ग निर्माण के दौरान मोटर मार्ग कटिंग के मलवे से दबे किसानों की फसलों एवं खेतों के मुआवजा का भुगतान आतिथि तक नहीं किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि सरकार द्वारा किसानों की भूमि अधिग्रहण एवं दबान से होने वाले नुकसान का भुगतान विभाग को तत्काल जारी किये जाने की स्पष्ट निर्देश होने के उपरान्त भी खण्ड स्तर पर मुआवजा/दबान का भुगतान किये जाने में विभाग द्वारा विलम्ब किया जाता है? क्या सरकार जनहित में लोक निर्माण विभाग थत्यूड़ एवं प्रदेश स्तर पर तमाम ऐसे प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किये जाने हेतु कोई ठोस कदम उठायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**उत्तराखण्ड राज्य गठन से अब तक स्वीकृत मोटर मार्गों (प्रथम चरण) का विधानसभावार विवरण के संबंध में।**

13 **श्री विनोद कण्डारी (देयप्रयाग ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के लोक निर्माण विभाग, थत्यूड़ के अन्तर्गत गरखेत-द्वारगढ़ मोटर मार्ग, गरखेत-ठाल मोटर क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य गठन से आतिथि तक प्रदेश में कितने मोटर मार्गों की प्रथम चरण की स्वीकृति प्रदान की गयी है? क्या मंत्री जी विधान सभावार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**अल्मोड़ा जनपद के सल्ट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मल्ला गड़कोट, थलमाड एवं खटलगांव पर्यटक स्थलों के सौन्दर्यीकरण कार्य की प्रगति के संबंध में।**

14 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा संख्या-200/2023 के अनुरूप जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अल्प विकसित पर्यटक स्थलों का सौन्दर्यीकरण किया जायेगा? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सल्ट के पर्यटक स्थल मल्ला गड़कोट, थलमाड एवं खटलगांव के सौन्दर्यीकरण का कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**देहरादून जनपद के सहसपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोटी बुटोली मार्ग एवं भोरु खाला में पुल निर्माण के संबंध में।**

**"द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रष्न संख्या-8 में स्थानांतरित"**

15 **श्री सहदेव सिंह पुण्डीर (सहसपुर ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**= क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत कोटी-बुटोली मार्ग के निर्माण व शेरूखाला में पुल निर्माण के सम्बन्ध में क्षेत्रवासियों द्वारा लम्बे समय से मांग किये जाने के बावजूद आतिथि तक भी उक्त मार्ग और पुल का निर्माण नहीं होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी समस्या उत्पन्न हो रही है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के क्षेत्रवासियों की मांग के अनरुप उक्त मार्ग व पुल के निर्माण के सम्बन्ध में शासन स्तर पर कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कोटी-बुटोली मार्ग का निर्माण एवं शेरूखाल में पुल का निर्माण कब तक किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**देहरादून जनपद के सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में वन क्षेत्र से आने वाले वर्षा जल से सुरक्षा हेतु तटबन्ध तारजाल स्थापना के संबंध में।**

16 **श्री सहदेव सिंह पुण्डीर (सहसपुर ):**

**वन मंत्रालय :**=क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अधिकांश भाग वन विभाग की सीमा से सटे होने के कारण बरसात के मौसम में पानी आबादी वाले व कृषि योग्य क्षेत्र में आता है, जिससे कृषि योग्य भूमि व आबादी क्षेत्र में अत्यधिक क्षति होती है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि बरसात के पानी को रोकने हेतु तटबन्ध/तारजाल लगाये जाने के सम्बन्ध में शासन स्तर पर कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हां, तो उक्त समस्या के निवारण हेतु तटबन्ध/तारजाल कब तक स्थापित किये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## टिहरी गढ़वाल जनपद के देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोटेश्वर मोटर पुल के निर्माण कार्य की प्रगति एवं पूर्णता की समय सीमा के संबंध में।

17 **श्री विनोद कण्डारी (देयप्रयाग ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत कोटेश्वर मोटर पुल की स्वीकृति दी गयी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि नगर कोटेश्वर पुल का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## उत्तराखण्ड के देहरादून, हल्द्वानी, हरिद्वार एवं रुद्रपुर में बढ़ते यातायात दबाव के दृष्टिगत सड़कों के चौड़ीकरण की प्रस्तावित योजना के संबंध में।

18 **श्री विनोद कण्डारी (देयप्रयाग ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के देहरादून, हल्द्वानी, हरिद्वार एवं रुद्रपुर जैसे प्रमुख शहरों की जनसंख्या तीव्र गति से बढने के कारण सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि भविष्य में जाम से निजात पाने के लिए उक्त शहरों की सड़कों के चैड़ीकरण हेतु कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी तत्सम्बन्धी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## अल्मोड़ा जनपद के सल्ट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पौराणिक देवी मंदिर शक्तिपीठ मानिला को मानस कॉरिडोर में सम्मिलित किये जाने के संबंध में।

19 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत पौराणिक देवी मन्दिर शक्तिपीठ मानिला के नाम से विख्यात है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पौराणिक देवी मन्दिर शक्तिपीठ मानिला मानस कोरिडोर में सम्मिलित है? क्या सरकार पौराणिक देवी मन्दिर शक्तिपीठ मानिला को मानस कोरिडोर में सम्मिलित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में भालू एवं बाघ के नियंत्रण हेतु स्थापित पिंजरों की संख्या तथा पकड़े गये वन्यजीवों के पुनर्वास रख रखाव की व्यवस्था के संबंध में।

20 **श्री विनोद कण्डारी (देयप्रयाग ):**

**वन मंत्रालय** :=क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों (भालू व बाघ) के आतंक को रोकने तथा उनको पकड़ने हेतु कितने पिंजरे स्थापित किये गये हंै? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि भालू एवं बाघ को पकड़ने के बाद उनको रखने की व्यवस्था कहॅा की जाती है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**अल्मोड़ा जनपद के सल्ट विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन स्थलों के चयन एवं सल्ट को पर्यटक हब के रूप में विकसित किये जाने के संबंध में।**

21 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में पर्यटन के क्षेत्र को विकसित करने के लिए कितने पर्यटक स्थल चयनित किये गये हंै? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि सल्ट में पर्यटन की अपार सम्भावनाऐं हैं? क्या सरकार सल्ट को पर्यटक हब के रुप में विकसित करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**चमोली जनपद के बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकास खण्ड ज्योतिर्मठ के ग्राम सभा डुमक ज्योतिर्मठ सड़क मार्ग के निर्माण, वर्तमान स्थिति एवं पूर्णता की समय सीमा के संबंध में।**

**"द्वितीय शुक्रवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-04 में स्थानांतरित"**

22 **श्री लखपत सिंह बुटोला (बद्रीनाथ ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** := क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र बद्रीनाथ के विकास खण्ड ज्योतिर्मठ के ग्राम सभा डुमक से ज्योतिर्मठ को जोड़ने वाले सड़क मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है? यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त सड़क मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण होने की समयावधि क्या थी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**चमोली जनपद के बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकास खण्ड पोखरी के जिलासू-आली मोटर मार्ग के कि0मी0 7-8 के मध्य 800 मीटर अपूर्ण सड़क निर्माण के संबंध में।**

23 **श्री लखपत सिंह बुटोला (बद्रीनाथ ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करंेगे कि जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र बद्रीनाथ के अन्तर्गत विकास खण्ड पोखरी के जिलासू-आली मोटर मार्ग के कि0मी0 7-8 के बीच लगभग 800 मीटर सड़क मार्ग का निर्माण न होने के

क्या कारण हंै? क्या यह भी सत्य है कि उक्त 800 मीटर मार्ग का निर्माण न होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त 800 मीटर सड़क मार्ग का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**चमोली जनपद के बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धौली गंगा पर रैणी, जुगजू, सलधार, जुवाग्वाड़ एवं तपोवन भग्यूल तथा पाखी-ह्नयूणा-पोखनी मोटर मार्ग पर प्रस्तावित पुलों के निर्माण की वर्तमान स्थिति एवं पूर्णता की समय सीमा के संबंध में।**

24 **श्री लखपत सिंह बुटोला (बद्रीनाथ ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र बद्रीनाथ के विकास खण्ड ज्योतिर्मठ के धौली गंगा पर रैणी, जुगजू पुल, सलधार, जुवाग्वाड़ एवं तपोवन भग्यूल का पुल एवं पाखी-ह्नयूणा-पोखनी मोटर मार्ग पर पुल के निर्माण की वर्तमान स्थिति एवं कार्य पूर्ण होने की समयावधि क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उपरोक्त पुलों का निर्माण कार्य विभाग द्वारा समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**टिहरी गढ़वाल जनपद के प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डोबरा से मोटणा अंतर्जनपदीय सड़क के हॉटमिक्स डामरीकरण की स्थिति एवं पूर्णता की समय सीमा के संबंध में।**

25 **श्री विक्रम सिंह नेगी (प्रतापनगर ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र प्रतापनगर में डोबरा से मोटणा जो अंतर्जनपदीय सड़क है और प्रताप नगर की जीवन रेखा है, की स्थिति अत्यन्त जर्जर हो चुकी है, जबकि डोबरा से पीछे और मोटणा से आगे की सड़क हॅाटमिक्स डामर है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि क्षतिग्रस्त डोबरा से मोटणा सड़क मार्ग का हॅाटमिक्स डामरीकरण कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग से प्रस्तावित सड़कों के वन विभाग अनापत्ति प्रमाण.पत्र एन0पी0वी0 (नेट प्रजेन्ट वेल्यू) राशि भुगतान एवं सैद्धान्तिक स्वीकृति की स्थिति के संबंध में।**

26 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**वन मंत्रालय :**=क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 22 अपै्रल, 2023 से आतिथि तक यमुनोत्री विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग से प्रस्तावित सड़कांे के कितने मामले वन विभाग के पास अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु प्राप्त हुए हंै तथा

उनमें से कितनी प्रस्तावित सड़कों की अन्तिम स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा इन सड़कों की अन्तिम स्वीकृति से पहले कितनी राशि बतौर एन0पी0वी0 (नेट प्रजेन्ट वेल्यू) वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में जमा कराई गयी है एवं उनमें से कितनी सड़कों के मामले आतिथि तक वन विभाग के पास सैद्धान्तिक मंजूरी के लिए लम्बित है और कितने मामलों की सैद्धान्तिक स्वीकृति मिल चुकी है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**उत्तराखण्ड में लोक निर्माण विभाग की केन्द्र सरकार से स्वीकृत योजनाओं की जिलेवार धनराशि अवशेष राशि एवं यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र में कार्यों की प्रगति के संबंध में।**

27 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत 4 वर्षों में दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 तक केन्द्र सरकार से लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड की किन-किन योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त हुई है तथा उक्त योजनाओं पर जिलेवार कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है एवं कितनी अवशेष है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत जारी कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है एवं उक्त अवधि मंे यमुनोत्री विधान सभा क्षेत्र में केन्द्र सरकार की योजनाओं के अन्तर्गत कराये गये कार्यो पर कितनी धनराशि व्यय हुई व कितनी शेष है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**अल्मोड़ा जनपद के सल्ट विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2017 से अब तक प्रथम और द्वितीय चरण के मोटर मार्गों के आगणन वित्तीय स्वीकृति एवं लम्बित मार्गों की स्थिति के संबंध में।**

28 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत वर्ष, 2017 से आतिथि तक कितने मोटर मार्गों के प्रथम चरण व द्वितीय चरण के आगणन शासन को प्राप्त हुए हंै तथा उसके सापेक्ष आतिथि तक कितने मोटर मार्गों में वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है और वर्तमान तक कुल कितने मोटर मार्गों के आगणन शासन स्तर पर लम्बित है? क्या मंत्री जी तत्सम्बन्धी का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**देहरादून महानगर में विधायक निवास रेसकोर्स मार्ग एवं मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण हटाने एवं मार्ग खुला रखने हेतु कार्रवाई के संबंध में।**

29 **श्री फुरकान अहमद (पिरानकलियर ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत देहरादून महानगर स्थित विधायक निवास, रेसकोर्स जाने वाले मुख्य मार्ग के दोनों ओर एवं 200 मीटर की दूरी पर पुलिस लाईन और रिंग रोड़ से आने वाले मुख्य मार्ग पर स्थानीय निवासियों द्वारा अतिक्रमण कर गेट का निर्माण किये जाने के कारण उक्त मार्ग 24 घंटे बन्द रहता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि विधायक निवास रेसकोर्स को जाने वाले मार्ग के दोनो ओर एवं मुख्य मार्ग पर हुए अतिक्रमण को हटाने हेतु सरकार यथाशीघ्र कार्रवाई करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

**हरिद्वार जनपद के ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र में वन क्षेत्र का विस्तार एवं जंगली जानवरों की आवाजाही रोकने हेतु उठाए गए उपायों के संबंध में।**

30 **ई० रवि बहादुर (ज्वालापुर ):**

**वन मंत्रालय** :=क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र का कितना हिस्सा जंगल से लगा हुआ है और जंगली जानवरों के बसासत में आवाजाही को रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या उपाय किये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**अल्मोड़ा जनपद के सल्ट विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-797/2021 के अनुरूप मरचूला में एडवेंचर स्पोर्ट्स केन्द्र एवं अतिथि गृह निर्माण की प्रगति एवं कार्यान्वयन के संबंध में।**

31 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-797/2021 के अनुरूप मरचूला मंे एडवेंचर स्पोट्र्स केन्द्र एवं अतिथि गृह का निर्माण किया जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि मरचूला में एडवेंचर स्पोट्र्स केन्द्र एवं अतिथि गृह का निर्माण हेतु आतिथि तक सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है? क्या सरकार मरचूला में एडवेंचर स्पोटर््स केन्द्र एवं आतिथि गृह का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**रुद्रप्रयाग जनपद में धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्तिक स्वामी स्थल को राजमार्ग से जोड़ने हेतु प्रस्तावित योजना एवं कार्यान्वयन की समय सीमा के संबंध में।**

**‘‘द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-07 में स्थानांतरित’’**

32 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**= क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रुद्रप्रयाग के अन्तर्गत धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल कार्तिक स्वामी को राजमार्ग से जोड़े जाने सम्बन्धी किसी योजना पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त धार्मिक पर्यटक स्थल को राजमार्ग से कब तक जोड़ा जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**उत्तरकाशी जनपद के यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ में अनोल-मल्ली-बगोड़ी पुजारगांव होते हुए गोरुण मोटर मार्ग निर्माण की स्वीकृति एवं प्रारम्भ की स्थिति के संबंध में।**

33 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ में स्थित आर्कब्रिज के लोकार्पण के अवसर पर दिनांक 18.09.2018 को तत्कालीन मुख्यमंत्री जी द्वारा स्थानीय जनता व जनप्रतिनिधियों की मांग पर अनोल-मल्ली से बगोड़ी पुजारगांव होते हुए गोरुण तक मोटर मार्ग निर्माण की घोषणा की गयी थी? क्या मंत्री जी यह भी अवगत है कि लोक निर्माण खण्ड, चिन्यालीसौड़ के द्वारा प्रथम चरण की स्वीकृति हेतु प्राक्कलन मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग के पत्रांक-583/06(182) यात्रा-क्षे0-का0 2023 के द्वारा सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन को पे्रषित किया गया था, किन्तु आतिथि तक उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है? क्या सरकार द्वारा उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**देहरादून नगर के वार्ड-5 के अमन विहार विहार के लेन नं-04 (ब्लॉक-सी), एवं कैनाल रोड-आईटी पार्क मार्ग पर वाहनों के प्रति घंटा भार सफेद पट्टी लगाने का औचित्य एवं संबंधित व्यय के संबंध में।**

34 **श्री गोपाल सिंह राणा (नानकमत्ता ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ में स्थित आर्कब्रिज के विधान सभा के वर्ष, 2025 के द्वितीय सत्र के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-15 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करंेग कि देहरादून नगर के वार्ड-5 के अमन विहार के लेन नं-04 (ब्लॉक-सी), जो कि आन्तरिक मार्ग (गली) है, में प्रति घंटा भार वाहन कितना है तथा कैनाल रोड़ को धोरण की ओर से आई0टी0 पार्क को जोड़ने वाले मार्ग पर प्रति घंटा भार वाहन कितना है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अमन विहार की उपयुक्त आन्तरिक मार्ग (गली) के मार्ग के दोनो ओर सफेद पट्टी डालने का क्या औचित्य है और इस अनावश्यक व्यय के लिए कौन उत्तरदायी है? क्या सरकार उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**नैनीताल जनपद के हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022 से अब तक बनी सड़कों की लागत, मरम्मत हेतु आवंटित धनराशि एवं वित्तीय स्थिति के संबंध में।**

35 **श्री सुमित हृदयेश (हल्द्वानी ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**—क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र हल्द्वानी में वर्ष, 2022 से लेकर आतिथि तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी लागत से सड़कें बनायी गयी हंै तथा सड़कांे की मरम्मत के लिए कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

**अल्मोड़ा जनपद के सल्ट विधानसभा क्षेत्र में कैहड़गांव में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित कृषि विकास केन्द्र की प्रगति और कार्य प्रारम्भ की समय सीमा के संबंध में।**

**"प्रथम शुक्रवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-56 में स्थानांतरित"**

36 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**वन मंत्रालय :**—क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कैहड़गांव नामक स्थान में पन्तनगर कृषि विश्विद्यालय द्वारा कृषि विकास योजनाओं को संचालित करने हेतु वर्ष, 2015-16 में एक नवीन केन्द्र की स्थापना की गई थी, जिसके लिए ग्रामवासियों द्वारा लगभग 200 नाली भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई गई थी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि 8 वर्षं से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी वर्तमान तक कैहड़गांव कृषि विकास केन्द्र का कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है? क्या सरकार जनहित में कैहड़गांव नामक स्थान में पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि विकास योजनाओं को संचालित करने हेतु कृषि नवीन विकास के्रन्द्र का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

**अल्मोड़ा जनपद के सल्ट विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-70/2021 के अनुरूप भिक्यासैंण मरचूला रामगंगा नदी किनारे क्षेत्र का एंगलिंग हब के रूप में विकास एवं रोजगार सृजन के संबंध में।**

37 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**—क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-70/2021 के अनुरूप भिक्यासैंण से मरचूला तक रामगंगा नदी किनारे के क्षेत्र का एंगलिंग हब के रुप में विकसित किया जायेगा? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि भिक्यासैंण से मरचूला तक रामगंगा नदी के किनारे के क्षेत्र को एंगलिंग हब के रुप में विकसित करने के

लिए आतिथि तक क्या कार्यवाही की गयी है? क्या सरकार जनहित में भिक्यासैंण से मरचूला तक रामगंगा नदी किनारे के क्षेत्र का एंगलिंग हब के रुप में विकसित करते हुए स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**देहरादून नगर वार्ड-5 में गंगोत्री विहार चीड़ोवाली के खाली भूखण्डों में विकसित जंगल एवं स्थानीय सुरक्षा के संबंध में**

**'द्वितीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-20 में स्थानांतरित''**

**38 श्रीमती ममता राकेश (भगवानपुर ):**

**वन मंत्रालय :=**क्या वन मंत्री को जानकारी हैं कि देहरादून नगर के वार्ड-5 में गंगोत्री विहार (चीड़ोवाली) में वर्षों से खाली पड़े भूखण्डों (प्लाट सं0-104, 105, 106, 107) में जंगल विकसित हो गया है, जिसमें जंगली जानवरों तथा अन्य शरारती तत्वों के छिपने का स्थान बन गया है? यदि हां, तो 'स्मार्ट सिटी' के रुप में विकसित नगर में आस-पास के निवासियों की सुरक्षा के लिए वन विभाग कोई उपाय करेगा? यदि हां, तो क्या और कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के स्टेट हाईवे की संख्या निर्माण एवं मरम्मत हेतु आवंटित धनराशि वर्ष 2022 से वर्तमान तक और सदन में विवरण प्रस्तुत करने संबंधी जानकारी।**

**39 श्री सुमित हृदयेश (हल्द्वानी ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :=**क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने स्टेट हाईवे हंै एवं उनके निर्माण एवं मरम्मत हेतु वर्ष, 2022 से आतिथि तक कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों

----

**जनपद हरिद्वार ग्राम मंडावर परगना व तहसील भगवानपुर के खसरा न0- 430 से 465 में नई ग्राम पंचायत गठन और मूलभूत सुविधाएँ प्रदान करने संबंधी जानकारी।**

**40 श्रीमती ममता राकेश (भगवानपुर ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :=**क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करंेगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत ग्राम मंडावर परगना व तहसील भगवानपुर के खसरा न0-430 से 465 हेतु सरकार द्वारा नई ग्राम पंचायत का गठन किया जाना प्रस्तावित है? क्या सरकार उक्त खसरा नम्बर पर निवासरत लगभग 2000 परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु ग्राम पंचायत का गठन करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**रुप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत (मदमहेश्वर एवं तुंगनाथ) में श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग व्यवस्था संबंधी जानकारी।**

41 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद रुप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत मदमहेश्वर एवं तंुगनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों हेतु पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने के कारण आने वाले श्रद्धालुओं को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार श्रद्धालुओं की ज्वलंत समस्या को दृष्टिगत रखते हुए जनपद रुद्रप्रयाग के मद्महेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं हेतु रांसी गौंडार में एवं तुंुगनाथ आने वाले श्रद्धालुओं हेतु चोपता में पार्किंग का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**केदारनाथ क्षेत्र में बंदरों एवं जंगली सुअरों द्वारा फसल नुकसान और रोकथाम हेतु सरकारी प्रयासों की जानकारी।**

42 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ):**

**वन मंत्रालय :**=क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के साथ जिला रुद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ में बंदरों एवं जंगली सुअरों के द्वारा किसानों की फसलों को बर्बाद किये जाने के कारण धीरे-धीरे कृषि योग्य भूमि बंजर होती जा रही है और किसानों की आजीविका के साधन भी समाप्त हो रहे हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि बंदरों एवं जंगली सुअरों के द्वारा किए जा रहे नुकसान के रोकथाम के लिये सरकार किस तरह के सार्थक प्रयास कर रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

**देहरादून वार्ड न0-05 गंगोत्री विहार लेन न0-5 में अधूरी नाली निर्माण और तकनीकी जांच संबंधी जानकारी।**

43 **श्रीमती ममता राकेश (भगवानपुर):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री को जानकारी है कि देहरादून नगर निगम के वार्ड न0-05, गंगोत्री विहार की लेन न0-5 में बिना तकनीकी सर्वेक्षण के आधी अधूरी नाली का निर्माण किया गया है, जिससे जल निकासी का प्रयोजन सिद्ध नहीं होता है और सरकारी धन का अपव्यय परिलक्षित होता है? क्या मंत्री जी इस अधूरे कार्य के सर्वेक्षण, किये गये व्यय और नाली के डिजायन की जांच टैक्निकल आर्डर सेल से करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## यमुनोत्री (उत्तरकाशी) में वर्ष 2025 के मानसूनी नुकसान के बाद सड़क/पुल पुनर्निर्माण और पूर्णता स्थिति।

44 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि वर्ष, 2025 में जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री में मानसून के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों तथा पुलों के पुनर्निर्माण हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि आवंटित की गयी है व आंवटित धनराशि द्वारा किन-किन सड़कों तथा पुलों का पुनर्निर्माण कार्य कराया जा रहा है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत कितनी सड़कों तथा पुलों का पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा कितनी सड़कों एवं पुलों के कार्य जोकि अपूर्ण है के पूर्ण न होने के क्या कारण है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जिला पंचायत उत्तरकाशी में वित्तीय अनियमितताएँ (2019—2025), कार्रवाई और वर्षवार योजनाओं का विवरण।

45 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या पंचायतीराज मंत्री बतायेंगे कि जिला पंचायत उत्तरकाशी में वर्ष, 2019 से वर्ष, 2025 तक करोड़ों रुपयों की वित्तीय अनियमितता में दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई हुई? क्या मंत्री यह भी बतायेंगे कि वर्ष, 2019 से वर्ष, 2025 तक जिला पंचायत उत्तकाशी को राज्य वित्त, 15वां वित्त एवं अन्य स्रोतों से प्राप्त धनराशि का वर्षवार विवरण सहित आंवटित धनराशि में जिला पंचायत उत्तरकाशी द्वारा कितनी योजनाएं स्वीकृत की गयी और स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## टिहरी गढ़वाल धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड जौनपुर की ग्राम पंचायत पापरा मल्ला में अनुसूचित जाति बहुल्य क्षेत्र हेतु 4 इंच मोटी सिंचाई पेयजल योजना निर्माण संबंधी जानकारी।

46 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड जौनपुर की ग्राम पंचायत पापरा मल्ला में मोलधार गाड से सिंचाई हेतु 04 इन्च मोटी पेयजल योजना की मांग स्थानीय काश्तकारों के द्वारा की गयी है, जिसमें लगभग 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति के परिवारांे की आजीविका का मुख्य साधन कृषि है? क्या सरकार द्वारा अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र मंे विकास योजनान्तर्गत ग्राम पापरा मल्ला के मोलधार गाड से पापरा मल्ला गांव तक 04 इन्च मोटी सिंचाई पेयजल योजना का निर्माण किया

जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## टिहरी गढ़वाल जौनपुर एवं चम्बा क्षेत्र में सौंग नदी बाढ़ से भूमि कटाव और सुरक्षा कार्य संबंधी जानकारी।

47 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या सिंचाई मंत्री को ज्ञात है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर की ग्राम पंचायत रगड़गांव तथा पसनी में सौंग नदी में आयी बाढ़ से हुए कटाव के कारण कई बीघा जमीन बह गयी थी? क्या सरकार काश्तकारों की कृषि भूमि की सुरक्षा हेतु ग्राम पंचायत रगड़गांव (जौनपुर) तथा ग्राम पंचायत पसनी (चम्बा) की अवशेष भूमि पर सुरक्षात्मक कार्य करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों?

----

## उत्तरकाशी यमुनोत्री क्षेत्र में वन विभाग द्वारा वर्ष 2025 में आमन्त्रित निविदाएँ ठेकेदार और कार्य प्रगति विवरण।

48 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**वन मंत्रालय :**=क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री में वन विभाग द्वारा दिनांक 01.01.2025 से 31.10.2025 तक कितनी धनराशि की निविदाएं आमन्त्रित की गयी हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त निविदाएं किन-किन एजेन्सियों व ठेकेदारों को दी गई हंै तथा उक्त कार्यों की धरातल पर अद्यतन स्थिति क्या है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## अल्मोड़ा सल्ट में राजकीय पॉलीटैक्निक कॉलेज में सिविल ट्रेड की स्वीकृति और पाठ्यक्रम स्थिति।

49 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**वन मंत्रालय :**=क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत राजकीय पॅालीटैक्निक कालेज, सल्ट स्थापित है, जो वर्तमान में बहुत कम टेªडों के साथ संचालित हो रहा है? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि वर्तमान में भी राजकीय पॅालिटैक्निक कॉलेज, सल्ट में सिविल जैसे महत्वपूर्ण टेªड नहीं है? क्या सरकार छात्रहित में राजकीय पॅालीटैक्निक कालेज, सल्ट में सिविल टेªड की स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## वर्ष 2025-26 में प्रदेश एवं हरिद्वार जिले की सड़कों का गड्ढा मुक्त करने का विवरण और भविष्य की योजना।

50 **श्रीमती अनुपमा रावत (हरिद्वार ग्रामीण):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष, 2025-26 में कितने किलोमीटर सड़क को गडढ़ा मुक्त किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे जनपद हरिद्वार में कितने किलोमीटर सड़कों को गड्ढा मुक्त किया गया? यदि नहीं, तो क्या सरकार द्वारा जनपद हरिद्वार की सड़कों को भी गड्ढामुक्त किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक?

----

## पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा जल/बरसाती गधेरों के जल संग्रहण द्वारा कृषि, पशुपालन एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने संबंधी योजना।

**"विभिन्न विभागों से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त।"**

51 **श्री महेश जीना (सल्ट):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**= क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा जल एवं बरसाती गधेरों के जल को कैचमैन्ट क्षेत्र से संग्रहित कर उपयोग में लाकर वर्षा जल संग्रहण के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्रों में परम्परागत व्यवसाय कृषि, पशुपालन, बागवानी हेतु दीर्घकालीन एवं जन-कल्याणकारी योजना बनाकर पर्वतीय क्षेत्रों से हो रहे पलायन पर भी रोक लगाई जा सकती है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि सरकार द्वारा वर्षा जल/ बरसाती गधेरों के जल का संगहण कर पर्वतीय क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## प्रदेश के देव स्थलों में तीर्थयात्रियों हेतु उड़न खटोला सेवा मानक और प्राप्त शिकायतों का विवरण।

52 **श्रीमती अनुपमा रावत (हरिद्वार ग्रामीण):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में तीर्थ यात्रियों की सुविधा हेतु कितने देव स्थलों में उड़न खटोला सेवा क्रियान्वित है एवं सरकार द्वारा उड़न खटोलों के क्रियान्वयन के लिए क्या मानक निर्धारित किये गये है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उड़न खटोलों के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित मानकों के उल्लंघन की आतिथि तक कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? क्या मंत्री जी उपरोक्त संबंधी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## चमोली कर्णप्रयाग क्षेत्र में कस्बीनगर-विनायकधार मोटर मार्ग निर्माण हेतु स्वीकृति की स्थिति।

53 **श्री अनिल नौटियाल (कर्णप्रयाग ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के अन्तर्गत विकास खण्ड गैरसैंण में प्रस्तावित कस्बीनगर-विनायकधार मोटर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति कब तक मिल जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## रूप्रयाग, केदारनाथ क्षेत्र में मन्दाकिनी नदी से ऊखीमठ (संसारी ग्राम) में भू-स्खलन रोकथाम योजना के संबंध में।

54 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करंेगे कि जनपद रूप्रप्रयाग के केदारनाथ विधान सभा क्षेत्र में मन्दाकिनी नदी से हो रहे कटाव से नगर पंचायत, ऊखीमठ के संसारी ग्राम मंेें भू-स्खलन रोके जाने की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हां, तो वह योजना क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## रूद्रप्रयाग, केदारनाथ क्षेत्र में मन्दाकिनी नदी बाढ़ सुरक्षा योजनाएं और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों, गांव एवं सड़को की स्थिति के संबंध में।

55 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के केदारनाथ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मन्दाकिनी नदी में बाढ़ सुरक्षा योजना की कितनी योजनाएं प्रस्तावित हैं? क्या यह भी सत्य है कि नदी के कटाव के कारण विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के कई क्षेत्र, गांव एवं सड़कें भूस्खलन की चपेट में है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त प्रस्तावित योजनाओं को कब तक क्रियान्वित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## हरिद्वार ग्राम रावली महदूद की सीमा पर सिडकुल से लेकर रामधाम कॉलोनी, औद्योगिक क्षेत्र बहादराबाद व जमालपुर तक जाने वाले नाले पर अतिक्रमण और बाढ़ रोकथाम हेतु सरकारी योजना के संबंध में।

56 **श्री आदेश चौहान (बीएचईएल-रानीपुर ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्राम रावली महदूद की सीमा पर सिडकुल से लेकर रामधाम कॉलोनी, औद्योगिक क्षेत्र बहादराबाद व

जमालपुर तक जाने वाले नाले पर बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने अतिक्रमण कर भवनों का निर्माण कर लिया है, जिस कारण ग्राम रावली महदूद में हर वर्ष बरसात के समय बाढ़ के हालात पैदा हो जाते हंै तथा ग्रामीणों के करोड़ों रुपये का हर वर्ष नुकसान होता है? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त अतिक्रमण को हटाने की किसी योजना पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## अल्मोड़ा (सल्ट) क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित मार्गों का हस्तांतरण, वन टाइम मेंटेनेंस प्रस्ताव और धनराशि की स्थिति।

57 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत वर्ष, 2020 से आतिथि तक ''प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना'' के अन्तर्गत निर्मित कितने मोटर मार्ग लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित हुए हंै? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग को वर्ष, 2020 से आतिथि तक कितने मोटर मार्गों को वन टाइम मैन्टेनैंस के कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हंै और कितने मार्गो के सुधारीकरण हेतु धनराशि अवमुक्त की गयी है? क्या सरकार शासन स्तर पर विधान सभा क्षेत्र सल्ट की लम्बित सभी मोटर मार्गों के सुधारीकरण हेतु धनराशि अवमुक्त करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## उत्तरकाशी यमुनोत्री क्षेत्र में पर्वतीय छानियों/मकानों को वनाग्नि से हुए नुकसान पर मुआवजा वितरण की स्थिति (2022-2025)।

58 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**वन मंत्रालय :**=क्या वन मंत्री अगवत हैं कि उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में अधिकांश ग्रामीण लोग ग्रीष्मकाल में ऊंचाई वाले स्थानों में मकान बनाकर निवास करते है, जिन्हें स्थानीय बोलचाल में छानियां कहा जाता है? क्या यह भी सत्य है कि इन छानियों/मकानों को वनाग्नि से क्षतिग्रस्त या नष्ट होने पर मुआवजा राशि दिये जाने का प्राविधान है? यदि हां, तो वर्ष, 2022 से 2025 तक जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत यमुनोत्री विधान सभा क्षेत्र में वनाग्नि के कारण क्षतिग्रस्त हुए ऐसे कितने मकान मालिकों को मुआवजा राशि सरकार द्वारा प्रदान की गयी है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## यमुनोत्री विधान सभा क्षेत्र में धार्मिक स्थलों का पर्यटन मानचित्र में समावेश और विकास कार्य योजना की स्थिति।

59 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री में कुछ धार्मिक स्थलों को पर्यटन मानचित्र में प्रदर्शित करने व इनके समुचित विकास के लिए कार्य योजना बनाने सम्बन्धी पत्रांक संख्या-1985/025-26, दिनांक 02/05/2025 द्वारा सचिव, पर्यटन विभाग, उत्तराखण्ड शासन को पे्रषित पत्र पर आतिथि तक क्या कार्यवाही हुई है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री में किन-किन धार्मिक स्थलों को पर्यटन मानचित्र में प्रदर्शित किया गया तथा किन-किन धार्मिक स्थलों के समुचित विकास के लिए कार्य योजना तैयार की गई? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उपरोक्त सम्बन्धी विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## हरिद्वार, सलेमपुर महदूद खसरा नं- 1804ख, में अवैध अतिक्रमण और व्यवसायिक निर्माण पर कार्रवाई के संबंध में।

60 **श्री आदेश चौहान (बीएचईएल-रानीपुर ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या पंचायतीराज मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विकास खण्ड बहादराबाद के गांव सलेमपुर महदूद में स्थित खसरा नं-1804ख, जिसमें कि खाला दर्ज है, पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध अतिक्रमण कर व्यवसायिक दुकानों का निर्माण व प्लॉटिंग का निर्माण किया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अतिक्रमण को हटाये जाने हेतु कोई कार्रवाई करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## हरिद्वार बी0एच0ई0एल0 रानीपुर क्षेत्र में सिडकुल फोरलेन नालों के निर्माण में वित्तीय अनियमितताएँ और जांच कार्रवाई की स्थिति।

61 **श्री आदेश चौहान (बीएचईएल-रानीपुर ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र बी0एच0ई0एल0 रानीपुर के अन्तर्गत सिडकुल फोरलेन के दोनो ओर विभाग द्वारा 10 करोड़ की लागत से बनाये गये नाले में भारी वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार उक्त नालो के निर्माण में हुए वित्तीय अनियमितताओं की जाँच करा कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## टिहरी गढ़वाल घनसाली क्षेत्र में सहस्त्रताल और विश्वनाथ धाम पर्यटन स्थलों के लिए रोपवे योजना की स्थिति अनुमानित लागत और कार्यान्वयन।

62 **श्री शक्ति लाल शाह (घनशाली ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी

गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत स्थित प्रसिद्ध दुर्गम पर्यटन स्थल सहस्त्रताल को रोपवे मार्ग से जोड़ने हेतु सरकार द्वारा कोई प्रस्ताव/योजना/डीपीआर तैयार की गयी है अथवा तैयार की जा रही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करंेगे कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली के हिन्दाव पट्टी के अन्तर्गत स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन महत्व के विश्वनाथ धाम को रोपवे से जोड़कर, उसे धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रुप में विकसित किये जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त पर्यटन स्थलों को रोपवे से जोड़ने सम्बन्धी योजना की अद्यतन स्थिति एवं कार्य प्रारम्भ करने की संभावित तिथि क्या है तथा उक्त योजना के लिए अनुमानित लागत एवं कार्यदायी संस्था का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

----

## नैनीताल, भीमताल क्षेत्र में पर्यटन स्थलों का चयन और हरीशताल एवं लोहाखामताल के पर्यटन हब के रूप में विकास योजना।

63 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत स्थित पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए कितने पर्यटक स्थल चयनित किये गये हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल के अन्तर्गत हरीशताल एवं लोहाखामताल में पर्यटन की अपार सम्भावनाऐं हंै? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र को पर्यटक हब के रुप में विकसित करने का प्रयास करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## अल्मोड़ा, सल्ट क्षेत्र में सुनोली, अफौं, पत्थरखोला एवं चरी-क्यारी लिफ्ट सिंचाई योजनाओं की स्वीकृति और निर्माण कार्य की स्थिति के संबंध में।

### "द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-04 में स्थानांतरित"

64 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**= क्या लघु सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा की विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत सुनोली, अफौं, पत्थरखोला एवं चरी-क्यारी लिफ्ट सिंचाई योजनाओं के आंगणन काफी समय से शासन स्तर पर लम्बित् हैं? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त लिफ्ट सिंचाई योजनाओं के निर्माण कार्य की स्वीकृति कब तक मिल जायेगी? क्या सरकार कृषकों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्त लिफ्ट सिंचाई योजनाओं के निर्माण की स्वीकृति यथाशीघ्र प्रदान कर, निर्माण कार्य प्रारम्भ करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## अल्मोड़ा, सल्ट क्षेत्र में सिंचाई नहरों की संख्या, क्षतिग्रस्त स्थिति, निर्माण/पुनर्निर्माण हेतु धनराशि और मरम्मत कार्य के संबंध में।

65 **श्री महेश जीना** (**सल्ट** )**:**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**–क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा की विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कितनी सिंचाई नहरें निर्मित हैं और वर्तमान में कुल कितनी नहरें पूर्ण तथा कितनी नहरें आंशिक रुप से क्षतिग्रस्त हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष, 2020 से आतिथि तक सिंचाई नहरों के निर्माण/ पुनर्निर्माण हेतु कितनी धनराशि आंवटित तथा व्यय की गयी है? क्या सरकार कृषकों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए क्षतिग्रस्त नहरों का पुनर्निर्माण/मरम्मत करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## भीमताल नैनीताल में जंगल से लगे गांवों में जंगली जानवरों से सुरक्षा और सोलर लाइट सुरक्षा उपाय के संबंध में।

66 **श्री राम सिंह कैड़ा** (**भीमताल** )**:**

**वन मंत्रालय :**–क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के पर्वतीय क्षेत्रों में बसे गांवों के लोगों पर बाघ एवं तेन्दुए द्वारा लगातार किये जा रहे प्राण घातक हमलों से कई लोगों की जान जा चुकी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल में बाघ व तेन्दुए से बचाव हेतु जंगल से लगे गांवों में कितनी सोलर लाईट लगायी गयी हैं और सुरक्षा की दृष्टि से किसी तरह के प्रयास किये गये हैं? क्या सरकार जनहित में जंगली जानवरों से बचाव हेतु जंगल से लगे गांवों के लोगों की सुरक्षा हेतु सौर ऊर्जा लाईट, सोलर फैंसिंग लगाने के साथ उचित सुरक्षा उपाय करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## अल्मोड़ा सल्ट में मानिला फॉरेस्ट बंगले का आधुनिकीकरण और पुनर्निर्माण स्वीकृति के संबंध में।

67 **श्री महेश जीना** (**सल्ट** )**:**

**वन मंत्रालय :**–क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-114/2023 के अनुरूप मानिला फॉरेस्ट बंगले का पुनर्निर्माण आधुनिकीकरण के साथ किया जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि मानिला फॉरेस्ट बंगले के निर्माण की स्वीकृति और निर्माण कार्य कब से प्रारम्भ हो जायेगा? क्या सरकार मानिला फॉरेस्ट बंगले का पुनर्निर्माण आधुनिकीकरण के साथ किये जाने की स्वीकृति यथाशीघ्र प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## अल्मोड़ा सल्ट क्षेत्र में पालपुर टिटेश्वर महादेव एवं कोटेश्वर महादेव मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण की स्वीकृति और कार्य प्रारम्भ होने के संबंध में।

68 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-274/2024 के अनुरूप पालपुर टिटेश्वर महादेव एवं कोटेश्वर महादेव मन्दिर का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण किया जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मन्दिरों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण की स्वीकृति और निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ हो जायेगा? क्या सरकार पालपुर टिटेश्वर महादेव एवं कोटेश्वर महादेव मन्दिर का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण की स्वीकृति यथाशीघ्र प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## अल्मोड़ा, सल्ट क्षेत्र में तड़म-घुघतीधार 12 किमी मोटर मार्ग निर्माण की स्वीकृति और प्रगति की स्थिति के संबंध में।

**"द्वितीय शुक्रवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-05 में स्थानांतरित"**

69 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**= क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-517/2024 के अनुरूप तड़म-घुघतीधार तक 12 किमी0 मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किया जायेगा? क्या सरकार जनहित में तड़म-घुघतीधार मोटर मार्ग निर्माण की स्वीकृति यथाशीघ्र प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## भीमताल (नैनीताल) में मोटर मार्गों की स्वीकृति एवं लंबित आगणन का विवरण (2017 से वर्तमान तक)।

70 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत वर्ष, 2017 से आतिथि तक कितने मोटर मार्गों के प्रथम चरण व द्वितीय चरण के आगणन शासन को प्राप्त हुए हैं और उसके सापेक्ष आतिथि तक कितने मोटर मार्गों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा वर्तमान में कुल कितने मोटर मार्गों के आगणन शासन स्तर पर लम्बित् है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि शासन स्तर पर लम्बित मोटर मार्गों पर कब तक शासन से स्वीकृति प्रदान हो जायेगी? क्या सरकार तत्सम्बन्धी का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**भीमताल, नैनीताल विधान सभा क्षेत्र में वन भूमि स्वीकृति के अभाव में लंबित मोटर मार्गों के द्वितीय चरण की स्वीकृति एवं नियमावली शिथिलीकरण के संबंध में।**

71 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**वन मंत्रालय** :=क्या वन मंत्री अवगत हंै कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत वन भूमि की स्वीकृति न मिलने से मोटर मार्गों का निर्माण नहीं हो पा रहा है? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत वारी-कटना, मीडार-पदमपुर-गलपाधुरा-ऐड़ी मन्दिर, सूनी-तल्ली सूनी एवं कचलाकोट-पडायल जैसे महत्वपूर्ण मोटर मार्गों की प्रथम चरण की स्वीकृति के बावजूद भी वन भूमि के कारण द्वितीय चरण की स्वीकृति नहीं मिल पा रही है? क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत उक्त मोटर मार्गों के शीघ्र निर्माण के लिए वन भूमि की स्वीकृति प्राप्ति हेतु नियमावली मंे शिथिलता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में भारत सरकार को प्रस्ताव भेजेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**भीमताल नैनीताल में मुख्यमंत्री घोषणाओं (संख्या-667/2025, 668/2025, 669/2025) के अंतर्गत मंदिर माला मिशन में शामिल मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण की स्थिति के संबंध में।**

72 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणा संख्या- 667/025 के अनुरूप छोटा कैलाश शिव मन्दिर एवं घोषणा संख्या-668/2025 के अनुरूप ओखलकाण्डा के वृहस्पति महाराज मन्दिर एवं घोषणा संख्या-669/2025 के अनुरूप विकास खण्ड भीमताल के अन्तर्गत विनायक स्थित ग्वेल देवता मन्दिर को ''मन्दिर माला मिशन'' में सम्मिलित किया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि जनहित में मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के अनुरूप उपरोक्त मन्दिरों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कार्य कब तक किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**भीमताल, नैनीताल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में नदी कटाव से कृषि भूमि क्षति एवं सुरक्षात्मक कार्यों की स्थिति।**

73 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत विभिन्न नदियों से ग्राम सभा लूगढ़, चमोली गाजा, ककोड़ गाजा, जमराड़ी, पैटना, सूनकोट, कचलाकोट, धैना, डालकन्या एवं कुन्डल के कृषकों

की कृषि योग्य भूमि में भू-कटाव हो रहा है, जिससे ग्रामीणों को अत्यधिक नुकसान होने के साथ-साथ गम्भीर खतरा भी उत्पन्न हो गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त ग्रामीणों के कृषि योग्य भूमि के संरक्षण एवं सुरक्षा हेतु किस तरह के प्रयास किये गये हैं? क्या सरकार जनहित में विधान सभा क्षेत्र भीमताल के विभिन्न गा्रमों की कृषि योग्य भूमि एवं ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु सुरक्षात्मक कार्य करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## भीमताल नैनीताल क्षेत्र के नौकुचियाताल एवं कमलताल पर्यटक स्थलों में मूलभूत सुविधाओं के विकास एवं आवंटित धनराशि की स्थिति के संबंध में।

### ''द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-06 में स्थानांतरित''

74 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :=** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत नौकुचियाताल एवं कमलताल जैसे पर्यटक स्थलों में पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि नौकुचियाताल एवं कमलताल पर्यटक स्थलों को विकसित करने तथा रख-रखाव हेतु शासन द्वारा कितनी धनराशि आवंटित की गयी है? क्या सरकार पर्यटकों हेतु नौकुचियाताल एंव कमलताल में मूलभूत सुविधाओं को विकसित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल में 05 वर्ष पूर्ण कर चुके मोटर मार्गों का रख रखाव एवं अवमुक्त धनराशि की स्थिति ।

75 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :=**क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत कितने मोटर मार्ग निर्मित हंै, जो 05 वर्ष का समय पूर्ण कर चुके हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जिन मोटर मार्गों के निर्माण कार्य को 05 वर्ष का समय पूर्ण हो चुका है, उनके रख-रखाव हेतु वर्ष, 2017 से आतिथि तक कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी है? क्या सरकार 05 वर्ष का समयावधि पूर्ण कर चुके सभी मोटर मार्गों के रख-रखाव हेतु धनराशि अवमुक्त करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## पिथौरागढ़ में ऐंचोली बड़ाबे मोटर मार्ग की निविदा स्वीकृति के बावजूद निर्माण कार्य लंबित रहने के कारण एवं पूर्णता की स्थिति ।

**"द्वितीय शुक्रवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-06 में स्थानांतरित"**

76 **श्री मयूख सिंह महर (पिथौरागढ़ ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**= क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्त्रगत ऐंचोली-बड़ाबे मोटर मार्ग की निविदा स्वीकृत होने के बावजूद भी आतिथि तक उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं होने के क्या कारण हंै? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि विभागीय लापरवाही से उक्त मोटर मार्ग के् क्षतिग्रस्त होने के कारण हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि एंेचोली-बड़ाबे मोटर मार्ग के निर्माण का कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## यमुनोत्री उत्तरकाशी में चिन्यालीसौड़-जोगथ से गोरुण मोटर मार्ग हेतु वन भूमि प्रत्यावर्तन एवं भारत सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र की स्थिति।

77 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**वन मंत्रालय :**=क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत स्थित चिन्यालीसौड़-जोगथ से गोरुण तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.5225 है0 भूमि का गैर वन भूमि लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन हेतु पत्रांकः FP/UK/ROAD/41009/2019 के माध्यम से वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु पर्यावरण वन एवं जलवाय परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार को किस तिथि में भेजा गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर दी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद रुद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ में मोटर मार्ग निर्माण हेतु अधिग्रहीत भूमि के लंबित मुआवजे के भुगतान की स्थिति ।

78 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रुद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत जिन मोटर मार्गों का निर्माण कार्य किया जा चुका है तथा लम्बे समय से लेकर आतिथि तक काश्तकारों की सड़क निर्माण में अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा अभी तक नहीं मिल पाया है? क्या सरकार उक्त काश्तकारों को नये दरों पर भूमि का मुआवजा भुगतान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**केदारनाथ रुद्रप्रयाग क्षेत्र में मन्दाकिनी नदी कटाव से बचाव हेतु गुप्तकाशी भैंसारी सेमी वार्ड में सुरक्षा चैकडैम सुरक्षा दीवार निर्माण योजना के संबंध में।**

79 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रुद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत मन्दाकिनी नदी के कटाव से बचाव हेतु नगर पंचायत, गुप्तकाशी के भैंसारी सेमी वार्ड के सुरक्षा चैकडेम/सुरक्षा दीवार बनाये जाने हेतु कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो वह योजना क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**पिथौरागढ़-चण्डाक मोस्टामानु मोटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं दुर्घटना रोकथाम संबंधी प्रस्ताव ।**

80 **श्री मयूख सिंह महर (पिथौरागढ़):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**=क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत पिथौरागढ़-चण्डाक, मोस्टामानु मोटर मार्ग सिंगल लाईन है, जिसमंे अनेकों दुर्घटनायंे होने से कई लोगों की जान जा चुकी है, जबकि चण्डाक, मोस्टामानु पिथौरागढ़ के सबसे लोकप्रिय पर्यटक स्थल हैं, जहां प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटक आते रहते हंै? क्या सरकार पर्यटकों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत उक्त मोटर मार्ग के चैड़ीकरण करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**रुद्रप्रयाग केदारनाथ क्षेत्र के कविल्ठा स्थित कालीदास स्मारक में कालीदास संस्कृत अकादमी स्थापना संबंधी प्रस्ताव की स्थिति।**

**"द्वितीय शुक्रवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-17 में स्थानांतरित"**

81 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय :**= क्या धर्मस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा जनपद रुद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत कालीदास स्मारक, कविल्ठा में कालीदास संस्कृत अकादमी खोले जाने की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हां, तो उक्त योजना कब तक क्रियान्वित होगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद रुद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत गौरीकुण्ड रामबाड़ा पैदल यात्रा मार्ग को एलिवेटेड रोड बनाने संबंधी प्रस्ताव की स्थिति ।**

82 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करंेगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत गौरीकुण्ड से केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग को रामबाड़ा तक एलिवेटेड रोड़ बनाये जाने हेतु कोई योजना शासन स्तर पर प्रस्तावित है, जिससे पैदल यात्रियों व घोड़े खच्चरों को अलग चलने की व्यवस्था हो सके ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## केदारनाथ रुद्रप्रयाग क्षेत्र में पर्यटन तीर्थाटन विकास योजनाएँ एवं चोपता से दोगलबिट्टा बनियाकुण्ड में चेयर लिफ्ट स्थापना प्रस्ताव

83 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रुद्रप्रयाग के केदारनाथ विधान सभा में पर्यटन एवं तीर्थाटन की अपार सम्भावनाओं के दृष्टिगत पर्यटन/तीर्थाटन स्थलों को विकसित किये जाने हेतु शासन स्तर पर कौन-कौन सी योजनाएं प्रस्तावित है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रसिद्ध पर्यटक स्थल चोपता से दोगलबिट्टा बनियाकुण्ड में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु चियर लिफ्ट लगाये जाने की कोई योजना है? यदि हां, तो सरकार द्वारा कब तक चियर लिफ्ट का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## राज्य में बढ़ते मानव तेंदुआ संघर्ष की घटनाएँ एवं नियंत्रण हेतु वैज्ञानिक प्रभावी कार्ययोजना के संबंध में।

84 **काजी मौ0 निजामुदीन (मंगलौर):**

**वन मंत्रालय** :=क्या वन मंत्री अवगत हंै कि राज्य में तेंदुओं द्वारा मानवों पर हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार लगातार बढ़ते मानव-तेंदुआ संघर्ष को नियंत्रित करने हेतु कोई वैज्ञानिक अथवा मानवीय जनसंख्या-प्रबन्धन कार्यक्रम प्रारम्भ करने या कोई प्रभावी कार्ययोजना लागू करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो वह कार्ययोजना क्या है? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

----

## हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम इक्कड़ कला में मुख्य मार्ग पर सड़क सुरक्षा हेतु रम्बल स्ट्रिप (स्पीड ब्रेकर) लगाने के संबंध में।

85 **श्रीमती अनुपमा रावत (हरिद्वार ग्रामीण):**

**लोक निर्माण मंत्रालय** :=क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के अन्तर्गत ग्राम इक्कडकला के मुख्य मार्ग पर वाहनों की तेज गति के कारण दुर्घटनाओं की सम्भावना अत्यधिक बढ़ रही है, जिससे गांव की

ओर आने-जाने वाले लोगों, राहगीरों एवं स्कूली बच्चों के लिए लगातार खतरा बना रहता है? क्या सरकार जनहित एवं सुरक्षा के दृष्टिगत वाहनांे की गति को नियन्त्रित करने हेतु ग्राम इक्कड़कला के समीप बने मुख्य मार्ग पर रम्बल स्ट्रिप (स्पीड ब्रेकर) लगाने के आदेश देगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----